ओरिएण्टल स्टाफ ट्रेनिंग कालेज

सैक्टर-11,बाटा मोड, फरीदाबाद- 121006

दूरभाष : 2285470,2290175,2281295

विभाग : स्थापना

दिं. 24-01-2012

विषय – ओ.एस.टी.सी. परिसर में पडे मेज,कुर्सी,कूलर,गीजर,पंखे,फोटोकापी मशीन दूसरे बिजली तथा लकडी की वस्तुओं व अन्य कबाड की नीलामी द्वारा बिक्री के नियम व शर्तें ।

उपरोक्त बिकाऊ सामान की खुली नीलामी द्वारा बिक्री कार्यवाही हमारे कार्यालय परिसर में दिं. 23-01-2012 को की गयी थी जोकि किसी कारणवश रद्द कर दी गयी थी । अत: अब हमारे द्वारा नीलामी की कार्यवाही दोबारा से की जा रही है , जिसके नियम व शर्तें निम्न प्रकार से हैं ।

1. ओ.एस.टी.सी. परिसर में पडे उपरोक्त बिकाऊ सामान की खुली नीलामी द्वारा बिक्री दिं. 07-02-2012 (मंगलवार) को सुबह 11.00 बजे की जायेगी ।

2. उपरोक्त बिकाऊ सामान **" जैसा है जहाँ है के आधार पर "** (AS IS WHERE IS BASIS) पर नीलाम किया जायेगा ।

3. उपरोक्त बिकाऊ सामान की नीलामी की कार्यवाही हमारे कार्यालय द्वारा अधिकृत नीलामी कर्ता **"एक्यूरेट आक्शनर्स" फ्लैट न. 5 गीता ऐपार्टमेंटस, बी एल-17,गीता कालोनी, दिल्ली - 110031** द्वारा ओ.एस.टी.सी. के परिसर में दिं. 07-02-2012 (मंगलवार) को सुबह 11.00 बजे की जायेगी ।

4. उपरोक्त बिकाऊ सामान को खरीदने के लिये आपको नीलामी की कार्यवाही में शामिल होने के लिये अपनें साथ ई. एम. डी. (EMD) की राशि के तौर पर रुपये 25,000/- का डिमांड ड्राफ्ट अथवा नकद साथ लाना होगा। जिसे नीलामीकर्ता के पास जमा करवाना होगा । यह डिमांड ड्राफ्ट **" दि.ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लि. खाता स्टाफ ट्रेनिंग कालेज "** के नाम में बनेगा जो कि **फरीदाबाद** के किसी शैडयूलड बैंक पर देय होगा। ई. एम. डी. (EMD) का डिमांड ड्राफ्ट अथवा नकद साथ न लाने की स्थिति में नीलामी की कार्यवाही में शामिल नहीं होने दिया जायेगा।

कृ.प.प.........2

5. नीलामी की कार्यवाही में शामिल होने के लिये अपनें साथ **कोई भी एक नाम तथा पते का सबूत जैसे कि राशन कार्ड,बिजली/ टेलिफोन का बिल/ ड्राईविंग लाईसेंस/ पैन कार्ड आदि की फोटो कापी पहचान के तौर पर अवश्य ही लेकर आयें ।**

6. जिस बोलीकर्ता की बोली राशि सबसे अधिक होगी उसे बोली की पूर्ण राशि की 25% राशि नकद रूप में उसी समय नीलामी कर्ता के पास जमा करवानी होगी । तथा बकाया 75% राशि एवं पूर्ण राशि पर जो भी बिक्री कर लागू होगा मिला कर दिं. 09-02-2012 (गुरूवार) को दोपहर 2.00 बजे तक हमारे कार्यालय में जमा करानी होगी अन्यथा ई. एम. डी. (EMD) की राशि रुपये 25,000/- समेत 25% जमा राशि जब्त कर ली जायेगी ।

7. बोली कर्ता को पूर्ण राशि को जमा करवानें के पश्चात दिं. 10-02-2012 (शुक्रवार) को दोपहर 2.00 बजे तक अपने खर्चे पर उपरोक्त सामान को हमारे कार्यालय के परिसर से उठवाना होगा, अन्यथा ई. एम. डी. (EMD) की राशि रुपये 25,000/- सहित हमारे कार्यालय में जमा पूर्ण राशि जब्त कर ली जायेगी ।

8.. प्राचार्य को नीलामी द्वारा बिक्री के नियम व शर्तें मे किसी भी प्रकार के बदलाव करने का पूर्ण अधिकार है।

9. ओरिएण्टल स्टाफ ट्रेनिंग कालेज के प्राचार्य को उपरोक्त नीलामी को बिना कारण रद्द करने का पूर्ण अधिकार है।

प्राचार्य